दस्तक टाइम्स

एसएमएस को इन्नोवेशन हेतु राष्ट्रपति से प्रशंसा व भीमराव अम्बेडकर विवि से प्रथम पुरस्कार

- December 30, 2017
- in उत्तर प्रदेश, लखनऊ

लखनऊ : डॉ० भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में नवाचार की प्रदर्शनी 14-16 दिसम्बर 2017 को लगाईं गयी थी जिसमे प्रदेश के विभिन्न असंगठित व संगठित क्षेत्रो से आये लगभग 60 प्रोजेक्ट / कार्य कर रहे माडल लगाए गए थे| जिसका उद्घाटन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा 15 दिसम्बर 2017 को किया गया था |स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ को भी इस प्रदर्शनी में भाग लेने हेतु बुलाया गया था जिसमे महानिदेशक , डा० भरत राज सिंह के देख-रेख में बनाए गए 4-प्रोजेक्ट (1.हवा से चलने वाली बाइक का संशोधित माडल , 2. सोलर साइकिल का उन्नत माडल, 3. साइकिल के पावदान से चलने वाली वाशिंग मशीन और 4. भारत सरकार के स्वक्छता अभियान के तहत कूडा व टुकड़े उठाने वाली रोबोटिक मशीन) इंस्टिट्यूट के छात्रो द्वारा प्रदर्शित किये गए |राष्ट्रपति द्वारा मेक इन इंडिया में 10-प्रोजेक्ट में पहिचान बनाने वाली एयर-ओ-बाइक की उन्नत माडल को देखकर और विशिष्ट जानकारी प्राप्तकर

अति प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा डा० भरत राज सिंह व छात्र समर्पित वर्मा को बधाई दी |उन्होंने राष्ट्रपति भवन में आने के लिए निमंत्रण भेजने का आश्वासन भी दिया | इसके अतिरिक्त सोलर साइकिल जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी है, डा० भरत राज सिंह व छात्र विवेक मिश्रा द्वारा तैयार की गयी है , पर भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की |

राष्ट्रपति ने साइकिल के पावदान से चलने वाली वाशिंग मशीन और भारत सरकार के स्वक्छता अभियान के तहत कुडा व टुकड़े उठाने वाली रोबोटिक मशीन जो छात्र अर्जुन कुमार मौर्या व उत्कर्ष कुमार शर्मा तथा डा० रघुवीर कुमार के देख रेख में तैयार की गयी है, पर आने वाले समय में अधिक उपयोगी होने पर साधुवाद दिया | निर्णायक मंडल द्वारा उपरोक्त चारो प्रोजेक्ट्स का भी सभी 60 प्रोजेक्ट्स के साथ आकलन कर "एयर-ओ -बाइक" की उन्नत माडल जो दुनिया के आविष्कार में पहले से ही सम्मलित है , को "प्रथम पुरस्कार" से चयन कर 10,000 रुपये से पुरस्कृत किया | डॉ० भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति आर० सी० सोवती व स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंसेज , लखनऊ के कार्यकारी अधिकारी शरद सिह ने डा० भरत राज सिह व चारो छात्रो के भविष्य के लिए शुभकामनाये व बधाई दी |